प्रयागराज, रविवार 18 मई 2025 से शनिवार 24 मई 2025 तक
वर्ष-14, अंक-20
पृष्ठ- 8 मूल्य: 3 रूपये

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

## हिन्दी साप्ताहिक

2025 महाकुम्भ
14वर्ष
संघर्ष कि यात्रा

वर्ष-14 अंक-20 प्रयागराज, रविवार 18 मई 2025 से शनिवार 24 मई 2025 तक पृष्ठ- 8 मूल्य: 3 रूपये



12.05.2025



13.05.2025



14.05.2025


# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

## सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी

**फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड**

कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इण्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है




नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

Enjoy Publicity




15.05.2025



16.05.2025



17.05.2025

# 'मुंबई आएगा तो थप्पड़ जरूर मारूंगा', सिंगर मीका सिंह ने खुलेआम दी केआरके को चेतावनी, वीडियो में सिंगर को कहा था- अनपढ़, गधा

नई दिल्ली। कुछ समय पहले ही स्वघोषित क्रिटिक केआरके ने वीडियो जारी कर मीका सिंह के लिए अनपढ़, गधा जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया और साथ ही कहा कि मीका और कपिल शर्मा को उनके गार्ड ने थप्पड़ मारा था। अब इस पर मीका सिंह का रिएक्शन सामने आया है। उन्होंने कहा है कि वीडियो सामने आने के बाद उन्होंने केआरके को कॉल कर धमकाया था। शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में मीका सिंह ने केआरके पर कहा है, वो शुरू से मेरा बच्चा है। न्यू ईयर में मैंने उसको मैसेज किया, हैप्पी न्यू ईयर। मुझे लगा सीधा गालियां दूंगा, तो उसकी फैमिली न सुन ले। पहले मैंने माहौल बनाया, कैसे हो केआरके बेटा, कहां हो। उसने कहा मैंने दुबई छोड़ दिया। मैंने कहा मैं कौन सा दुबई आ रहा हूं। आगे मैंने कहा, हैप्पी न्यू ईयर, भाभी को, बच्चों को। मैंने देखा कि कोई उसके आसपास नहीं है, फिर मैंने कहा, गधे तूने मुझे फिर गालियां दे दी। तू पागल तो नहीं है साले। उसने कहा, भाई तूने गलत बात की, तूने ये कहा, तूने वो कहा। आगे मीका ने कहा, मैंने उससे कहा, सुन मैं तुझसे प्यार बड़ा करता हूं, तू मुंबई जब आएगा, तो मैं तुझे थप्पड़ जरूर मारूंगा। ये तुझे जहां बोलना है बोल दे। तो मुझे बोलता है, हैप्पी न्यू ईयर। उसने जवाब नहीं दिया, बस बोला- हैप्पी न्यू ईयर भाई, मैं लंदन चला गया हूं। मैंने उससे कहा, तू जब भी मुझे मिलेगा, एक मेरा ड्यू है, चाहे मैं मीडिया के सामने मारूं, या अकेले मारूं। गलती क्या है तेरी, वो मैं मिलकर बताऊंगा। दरअसल, कुछ समय पहले मीका सिंह ने लल्लनटॉप



को दिए इंटरव्यू में कहा था कि वो केआरके से दुबई में मिले थे और बदतमीजी की थी। अगले दिन मीका ने कहा था कि उन्हें कुछ भी याद नहीं। इस पर केआरके ने कहा, ये अनपढ़, गंवार बिल्कुल सही कह रहा है। ये मुझे दुबई में मिला था। ये काफी दिनों से मुझे कॉल कर रहा था और कह रहा था आपसे मिलना है। मैंने कहा आ जाओ। तो इसने वादा किया, लेकिन नहीं आया। दूसरे दिन मैंने उसके मैनेजर से पूछा कि जब इसने कहा था कि आएगा तो क्यों नहीं आया। इसके मैनेजर ने मुझे बताया कि वो बहुत डर रहा है। उसे लग रहा है कि वो मेरे घर पर आएगा तो मैं उसे किडनैप कर लूंगा। मैंने उसके मैनेजर से कहा कि मुझे इस फकीर को किडनैप करके क्या मिलेगा। इसके पास है क्या जो मुझे देगा। अगर कोई अमीर आदमी हो उसे किडनैप किया जाए तो उससे कुछ मिल भी सकता है। आगे केआरके ने बताया है, इसके मैनेजर ने मुझसे कहा आप होटल में ही आ जाओ। ये दुबई के एक होटल में ठहरे हुए थे। उस वक्त हनी सिंह बहुत बड़े स्टार हुआ करते थे। जो लोग शो करवा रहे थे, उन्होंने हनी सिंह को बहुत बड़ा सुइट दिया हुआ था और इस लुक्खे सिंगर को एक छोटा सा रूम दिया था, जिसमें एक बेड पड़ा हुआ था। तो हम लोग हनी सिंह के रूम में गए, इसके रूम में नहीं बैठे। केआरके ने बताया है कि मीका ने उन्हें शो देखने बुलाया था, लेकिन वो बहाना बनाकर निकल गए। आगे केआरके ने मुंबई में हुई मीका और कपिल से मुलाकात की बात की। उन्होंने कहा, मीका सिंह ने इंटरव्यू में कहा था कि ये और कपिल शर्मा मेरे घर आए थे और भारी बदतमीजी की थी। हुआ ये था कि रात में इन दोनों ने पी हुई थी। कपिल शर्मा और ये घटिया सिंगर मेरे घर पर आए। उन्होंने घर आकर सिक्योरिटी से कहा कि भाई से मिलना है। सिक्योरिटी ने उन्हें कहा कि भाई सो रहे हैं, अभी नहीं मिल सकते। इन दोनों ने घर के नीचे फोटो खिंचवाए और मिलने की जिद करने लगे। दोनों ने पी हुई थी। सिक्टोरिटी गार्ड ने इनसे जाने को कहा, लेकिन ये जाने को तैयार नहीं थे। तो मेरे सिक्योरिटी गार्ड ने इन दोनों को 2-2, 3-3 तमाचे खींचे। केआरके ने कहा कि अगली सुबह उन्होंने देखा कि कपिल ने कुछ ट्वीट किए हैं, जिसके बाद दोनों की सोशल मीडिया पर बहस हुई थी। केआरके ने ये भी दावा किया कि अगले दिन उन्होंने मीका के घर जाकर उन्हें थप्पड़ मारा था। सलमान की राधे के निगेटिव रिव्यू के कारण केआरके को सलमान ने नोटिस भेजा था। दरअसल, जब मीका ने सलमान का पक्ष लिया तो केआरके ने उन्हें चिरकुट सिंगर बताया था। इसके बाद उनकी तूतू-मैंमैं शुरू हो गई। एक फैन को जवाब देते हुए मीका ने सोशल मीडिया पर पंजाबी में लिखा था, 'वह बॉलीवुड के सिर्फ सीधे-सादे लोगों को चुनता है। अपने बाप से नहीं उलझेगा। मेरे बेटे को कहो कि कृपया मुझे अनलॉक करे। मैं करन जौहर या अनुराग कश्यप नहीं हूं। उसका बाप हूं।'

# 'आधुनिक समाचार नेटवर्क' के पत्रकार इम्तियाज़ ने लिया मल्टीटैलेंटेड मॉडल, एंकर, इन्फ्लुएंसर और एरोबिक-जुम्बा इंस्ट्रक्टर 'श्वेता खन्ना' का इंटरविव

इम्तियाजः- नमस्कार क्या नाम है आपका?



श्वेता खन्नाः- नमस्ते.. मेरा नाम 'श्वेता खन्ना' है और मैं दिल्ली से हूँ।

इम्तियाजः- आप पेशे से क्या करती हैं?

श्वेताः- मैं एक मॉडल, एंकर, इन्फ्लुएंसर और एरोबिक-जुम्बा इंस्ट्रक्टर हूँ। इस फील्ड में मुझे काम करते हुए लगभग 12-13 साल हो चुके हैं। मेरी प्रोफेशनल जर्नी की शुरुआत एक एरोबिक और जुम्बा इंस्ट्रक्टर के तौर पर हुई थी। फिटनेस से जुड़ाव और लोगों को मोटिवेट करने का जुनून मेरी पहली प्रेरणा बना।

धीरे-धीरे मुझे मॉडलिंग के ऑफर मिलने लगे, खासतौर पर पंजाबी इंडस्ट्री से। मैंने करीब दो साल तक पंजाबी म्यूज़िक इंडस्ट्री में काम किया और कई प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनी। इसके बाद मुझे इवेंट्स और स्टेज शोज़ में भी काम मिलने लगा। मैंने कई बड़े इवेंट्स किए, जहाँ मुझे सिंगर्स के साथ परफॉर्म करने का मौका भी मिला। इस दौरान मेरा कॉन्फिडेंस और अनुभव दोनों बढ़ते गए।

इम्तियाजः- आप इस मुकाम तक कैसे पहुंची?

श्वेता खन्नाः- फिर मेरी जर्नी ने एक और मोड़ तब लिया, जब मुझे हरियाणवी इंडस्ट्री से ऑफर्स आने लगे। आज मैं हरियाणवी इंडस्ट्री में एक एक्टर और मॉडल के तौर पर सक्रिय रूप से काम कर रही हूँ। मुझे कुछ फिल्मों के ऑफर भी मिले हैं और मैं अपनी क्रिएटिव जर्नी को और आगे ले जाने के लिए पूरी तरह समर्पित हूं।

इम्तियाजः- आप आधुनिक समाचार के पाठकों को कुछ संदेश देना चाहेंगी ?

श्वेता खन्नाः- मैं आधुनिक समाचार के पाठकों को यही संदेश देना चाहूंगी कि हार नहीं मननी चाहिए मंजिल मिल कर रहेगी।

# अनुष्का शर्मा ने विराट कोहली के रिटायरमेंट पर किया भावुक पोस्ट, विक्की कौशल और रणवीर सिंह का भी बैठा दिल

नई दिल्ली। विराट कोहली के टेस्ट




मैच से संन्यास लेने के बाद अनुष्का शर्मा ने एक भावुक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने उनके संघर्षों और खेल के प्रति अटूट प्रेम को याद किया। विक्की कौशल ने भी कोहली के शानदार करियर को सराहा और अंगद बेदी भावुक हो गए। अनुष्का शर्मा ने विराट कोहली के 14 साल बाद टेस्ट मैच से संन्यास लेने के ऐलान के बाद इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट किया है। उन्होंने उनके साथ स्टेडियम के ग्राउंड से खूबसूरत तस्वीर पोस्ट की है और दिल की बातें शब्दों में बयां कर दी हैं। इनके अलावा विक्की कौशल ने भी एक्टर के रिटायरमेंट पर पोस्ट किया है। इसके पहले अंगद बेदी की आंखों से आंसू छलक उठे थे। अनुष्का शर्मा ने विराट कोहली के साथ अपनी एक प्यारी और यादगार तस्वीर शेयर की है, जिसमें क्रिकेटर सफेद जर्सी में दिखाई दे रहे हैं। और एक्ट्रेस के कंधे पर हाथ रखे हुए हैं। दोनों मुस्कुरा भी रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'वो रिकॉर्ड और मील के पत्थर के बारे में बात करेंगे। लेकिन मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो तुमने कभी नहीं दिखाए, वो स्ट्रेगल, जिन्हें किसी ने नहीं देखा, और वह अटूट प्यार जो तुमने खेल के इस फॉर्मेट को दिया।'अनुष्का शर्मा ने विराट कोहली के बारे में आगे लिखा, 'मुझे पता है कि इन सबने तुमसे कितना कुछ छीन लिया। हर टेस्ट सीरीज के बाद, तुम थोड़े समझदार, थोड़े विनम्र होकर लौटे और तुमको इन सबके जरिए से विकसित होते देखना एक विशेषाधिकार रहा है। किसी तरह, मैंने हमेशा ऐसा सोचा था कि तुम सफेद कपड़ों में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लोगे लेकिन तुमने हमेशा अपने दिल की बात सुनी है, और इसलिए मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि इस गुडबाय का हर पल कमाया है।'वहीं, विक्की कौशल ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, 'आपने अपने तरीके से किया और वो ही तरीका बहुत याद आएगा। इस अद्भुत टेस्ट करियर के लिए शुभकामनाएं और यादों के लिए शुक्रिया चैम्प।' वहीं, अंगद बेदी ने क्रिकेटर की फोटो शेयर कर लंबा-चौड़ा पोस्ट किया था और भावुक हो गए थे।

# पाकिस्तान के पूर्व पीएम ने शाहरुख को लगाई थी डांट ऑटोग्राफ मांगा तो इमरान खान ने गुस्से में फटकारा


नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच हम आपको बताने जा रहे हैं वो किस्सा, जब पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शाहरुख खान को ऑटोग्राफ मांगने पर डांट लगा दी थी। ये उस समय की बात है, जब न तो शाहरुख खान स्टार थे और न ही इमरान खान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री थे। ये बात भी कम लोग ही जानते हैं कि एक समय में देव आनंद चाहते थे कि इमरान



खान उनकी फिल्म में काम करें, जब उन्होंने ऑफर ठुकरा दिया तो वो उन्हें मनाने इंग्लैंड तक पहुंच गए थे। शाहरुख खान ने कैपिटल टॉक विद हामिद मीर में ये किस्सा शेयर किया था। ये किस्सा तब का है जब इमरान खान सिर्फ पाकिस्तानी क्रिकेटर थे और शाहरुख खान हीरो नहीं बने थे। यंग शाहरुख, इमरान के बड़े फैन थे। शाहरुख ने बताया, एक मैच के लिए इमरान खान भारत आए थे। पाकिस्तानी टीम का मैच दिल्ली के फिरोज शाह कोटला स्टेडियम में हुआ था, जहां पाकिस्तानी टीम हारने की कगार पर थी। टीम को इमरान से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन वो महज 30 रन बनाकर आउट हो गए। जब इमरान स्टेडियम से निकलने लगे तो ऑटोग्राफ लेने के लिए उतावले शाहरुख उनके काफी नजदीक आ गए। आउट होने से बौखलाए इमरान ने सारा गुस्सा शाहरुख पर निकालते हुए उन्हें जोरदार डांट लगा दी। और गुस्से में उन्हें रास्ते से हटने को कहा। इस बात से शाहरुख का दिल टूट गया। आगे शाहरुख ने बताया था कि 2008 में ट्रैवल विद स्टाइल इवेंट में उन्हें इमरान खान से मिलने का मौका मिला था। इस मुलाकात में शाहरुख खान ने उन्हें पहली मुलाकात का किस्सा भी सुनाया था, जिसे सुनकर वो काफी हंसे थे। एक समय ऐसा था जब भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव नहीं थी। ऐसे में उस समय क्रिकेटर रहे इमरान खान अक्सर भारत आया करते थे। कभी वो अमिताभ बच्चन के साथ बैठकर नुसरत फतेह अली खान के गाने सुनते नजर आते थे, तो कभी उनके और बॉलीवुड एक्ट्रेसेस के अफेयर की खबरें सुर्खियों में रहती थीं। 1985 में खबर थी कि रेखा, इमरान से शादी करना चाहती हैं। स्टार रिपोर्ट नाम के एक पेपर में इंडियन फिल्म जरनल मूवी की रिपोर्ट के हवाले से दोनों की शादी पर लंबा आर्टिकल छापा था। आर्टिकल के अनुसार 1985 के पूरे अप्रैल इमरान ने मुंबई में रहकर रेखा के साथ समय बिताया है।जनरल की रिपोर्ट में लिखा गया था कि रेखा की मां ने एक इंटरव्यू में कहा है कि उन्हें अपनी बेटी के पार्टनर के रूप में इमरान खान से बेहतर कोई नहीं लगता। वो दिल्ली के एक एस्ट्रोलॉजर के पास ये पूछने गई थीं कि क्या इमरान, रेखा के लिए अच्छा ऑप्शन हैं। हालांकि, दोनों का रिश्ता ज्यादा चल नहीं सका। एक इंटरव्यू में इमरान ने कहा था कि वो कभी भी किसी एक्ट्रेस से शादी नहीं करेंगे। इमरान खान ने एक पुराने इंटरव्यू में बताया था कि हिंदी सिनेमा के लीजेंड्री एक्टर देव आनंद उन्हें अपनी फिल्म में काम करने का ऑफर दे चुके हैं, लेकिन इमरान ने वो ऑफर ठुकरा दिया था। उनका ये इंटरव्यू इंडियन न्यूज चैनल पर भी प्रसारित हुआ था। इमरान ने कहा था, आपको यकीन नहीं होगा कि भारत के एक महान एक्टर ने मुझे फिल्म में काम करने का ऑफर दिया था। यहां तक कि वो मुझे मनाने के लिए इंग्लैंड तक पहुंच गए थे। दबाव देने पर इमरान ने बताया कि वो एक्टर कोई और नहीं बल्कि देव आनंद थे। देव आनंद ने भी अपनी ऑटोबायोग्राफी रोमांसिंग विद लाइफ में इस किस्से का जिक्र किया था। जब इमरान खान ने अपनी मां के नाम पर कैंसर हॉस्पिटल बनाना शुरू किया तो उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। ऐसे में दिलीप कुमार वो पहले शख्स थे जो मदद के लिए सामने आए थे। फंड के लिए शुरुआती 10 प्रतिशत हिस्सा इकट्ठा करना काफी मुश्किल था, ऐसे में दिलीप कुमार ने न सिर्फ आर्थिक मदद की बल्कि खुद फंड रेजिंग प्रोग्राम का हिस्सा बने। दिलीप कुमार ने पाकिस्तान और लंदन पहुंचकर लोगों से फंड देने की अपील की थी।

# दादासाहेब फाल्के पर फिल्म बनाएंगे आमिर और राजकुमार हिरानीःइसी साल अक्टूबर में शुरू होगी शूटिंग


नई दिल्ली। दादासाहेब फाल्के को



भारतीय सिनेमा का जनक माना जाता है। उन्होंने भारत में फिल्मों की शुरुआत की थी। उनकी याद में सबसे बड़ा फिल्म पुरस्कार 'दादासाहेब फाल्के पुरस्कार' रखा गया है। उनका जीवन और फिल्मों का सफर बहुत दिलचस्प रहा है। अब उनकी कहानी पर एक फिल्म बनने जा रही है। आमिर खान और राजकुमार हिरानी मिलकर दादा साहेब फाल्के की जिंदगी पर फिल्म बनाने की तैयारी कर रहे हैं।इस फिल्म की शूटिंग अक्टूबर 2025 से शुरू होने वाली है। आमिर खान अपनी फिल्म 'तारे जमीन पर' की रिलीज के तुरंत बाद इस नई फिल्म में अपने किरदार की तैयारी शुरू कर देंगे। लॉस एंजिलिस के वीएफएक्स स्टूडियो ने फिल्म की कहानी के समय और माहौल को ध्यान में रखते हुए एडवांस एआई डिजाइन पहले ही तैयार कर लिए हैं। इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर राजकुमार हिरानी, अभिजात जोशी और दो लेखक हिंदुकुश भारद्वाज और अविष्कार भारद्वाज पिछले चार साल से लगातार काम कर रहे हैं। दादासाहेब फाल्के के पोते चंद्रशेखर श्रीकृष्ण पुसालकर ने इस प्रोजेक्ट का पूरा समर्थन किया है और दादासाहेब फाल्के के जीवन से जुड़ी कई खास बातें और घटनाएं भी शेयर की हैं। इसके अलावा, यह फिल्म राजकुमार हिरानी और आमिर खान की जोड़ी का नया प्रोजेक्ट है, जिन्होंने '3 इडियट्स' और 'पीके' जैसी कल्ट क्लासिक्स और सबसे बड़ी हिट फिल्में दी हैं। ऐसे में यह प्रोजेक्ट भारतीय एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक नया बेंचमार्क सेट करने की तैयारी में है।बता दें कि अब तक हिंदी सिनेमा में किसी ने भी दादा साहेब फाल्के और भारतीय सिनेमा की शुरुआत की कहानी को बड़े पर्दे पर नहीं दिखाया है।

# आलिया को 'नेपो किड' कहने वालों पर भड़के करणःबोले- पहले उसकी फिल्में देखिए


नई दिल्ली। फिल्ममेकर करण



जौहर ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जो अब भी आलिया भट्ट को नेपो किड कहकर बुलाते हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने साफ कहा कि अब वह नेपोटिज्म की इस बहस से तंग आ चुके हैं। गलाटा प्लस के साथ बातचीत में करण जौहर ने कहा, क्या आपने हाइवे देखी है? क्या आपने उड़ता पंजाब देखी है? क्या आपने राजी देखी है? क्या आपने गंगूबाई देखी है? सिर्फ उसकी फिल्में देखिए। अगर इसके बाद भी आप उसे नेपो किड कह रहे हैं, तो आप इस दुनिया के सबसे मूर्ख इंसान हैं और फिर कोई आपकी मदद नहीं कर सकता। स्टार किड को लॉन्च करने पर भी करण जौहर ने कहा, मैं स्टार किड्स के टैलेंट में विश्वास जारी रखूंगा। क्या मैं बॉलीवुड की नफरत का चेहरा हूं और अगर हां तो मुझे ये टैग देने के लिए थैंक्यू।

# कांस में जैकलीन को मिला सम्मान, तो 'लापता लेडीज' फेम नितांशी ने रेड कार्पेट पर किया डेब्यू, आउटफिट में संजोई नरगिस, मीना, मधुबाला की तस्वीरें

नई दिल्ली। फ्रांस के रिवेरा शहर



में चल रहे कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस और 'लापता लेडीज' फेम नितांशी गोयल ने अपने स्टाइल और भारतीयता से सबका दिल जीत लिया।जैकलीन फर्नांडिस ने भले ही ओपनिंग सेरेमनी का रेड कार्पेट मिस किया हो, लेकिन तीसरे दिन वो पूरे स्टाइल में कांस पहुंचीं। उन्होंने सफेद शर्ट, सिल्वर टच वाले पैंट और कमर तक फैले मेटैलिक चेन वाले खास लुक में एंट्री ली। बालों को स्लीक बन में बांधकर, मैचिंग इयररिंग्स और ब्लैक पंप्स के साथ जैकलीन का लुक काफी शानदार रहा।जैकलीन को 'वीमेन इन सिनेमा' इनिशिएटिव के तहत दुनिया भर से चुनी गई 6 खास महिलाओं में शामिल किया गया। यह पहल रेड सी फिल्म फेस्टिवल की ओर से शुरू की गई है। इस सम्मान के साथ जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें भी शेयर कीं और लिखा कान्स का पहला दिन। महिला कहानीकारों को बढ़ावा देने वाली पहल 'वुमेन इन सिनेमा' में सम्मानित होने पर प्रसन्नता हुई।' पहली बार कांस के रेड कार्पेट पर उतरीं नितांशी गोयल भी चर्चा में रहीं। उन्होंने दो लुक्स अपनाए, पहला एक स्ट्रैपलेस ब्लैक गाउन जिसमें गोल्डन डिजाइन और हल्का सा ट्यूल लगा हुआ था। वहीं दूसरा लुक पारंपरिक था। जिसमें उन्होंने मोतियों से सजी खास लहंगा साड़ी पहनी थी।

# नेपाली मॉडल की खून से लथपथ लाश मिली थी:शरीर के दो टुकड़े हुए, सिर भी धड़ से लटक रहा था, कनाडा जाने से नाराज था जेठ

नेपाल। मशहूर मॉडल अंजना



लामा के मायके कॉल कर जल्द से जल्द ससुराल आने को कहा गया। जैसे ही परिवार पहुंचा तो घर के बाहर पुलिस और पड़ोसियों की भीड़ इकट्ठा थी। ससुराल वाले रोते-बिलखते दरवाजे पर बैठे थे। तभी एक पुलिसवाला अंजना के पिता के पास पहुंचा और उनसे कमरे में चलने को कहा। जैसे ही अंजना के पिता कमरे में पहुंचे तो मंजर भयावह था। वो तुरंत मुंह पर हाथ रख घबराए हुए वहां से बाहर निकल आए। उस बेतरतीब कमरे में अंजना की टुकड़ों में कटी लाश बिस्तर से लटक रही थी। सिर, धड़ से सिर्फ एक नस के सहारे जुड़ा था। अंजना का आधा शरीर बिस्तर पर और आधा जमीन की तरफ लटक रहा था। उनका दाहिना हाथ बीच से काटा गया था, जो लाश से चंद कदमों की दूरी पर ही कटा पड़ा था। एक टांग भी धड़ से अलग दूर पड़ी थी। कमरा-बिस्तर खून से लथपथ था और दीवारों पर भी हर तरफ छींटे थे। अंजना के चेहरे पर चाकू के इतने जख्म थे कि खाल नजर तक नहीं आ रही थी।26 अप्रैल 1995 को अंजना लामा का जन्म नेपाल के हेटौडा में हुआ था। तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी अंजना बेहद खूबसूरत थीं। अंजना 11वीं क्लास में थीं, जब एक कॉमन दोस्त के जरिए उनकी प्रज्जवल महत से मुलाकात हुई। अंजना लामा, तमंग जाति की थीं, जबकि प्रज्जवल क्षेत्री जाति के थे, जो अपर कास्ट में आते थे। उनका परिवार ललितपुर में रहता था, हालांकि वो नौकरी के सिलसिले में 100 किलोमीटर दूर हेटौडा में रहते थे।कास्ट डिफरेंस के बावजूद दोनों की दोस्ती बढ़ते हुए प्यार में बदल गई। करीब 2 साल तक रिलेशनशिप में रहने के बाद दोनों ने शादी का फैसला कर लिया। जैसे ही ये खबर दोनों के घरवालों तक पहुंची तो खूब हंगामा हुआ। दोनों ही परिवार इस शादी के खिलाफ थे।

# 'मेरे पिता करीना कपूर के साथ ज्यादा खुश हैं, सैफ पर हमले की रात पापा की वो बात सुन रो पड़े थे इब्राहिम अली खान


नई दिल्ली। सैफ अली खान खान



ने 1991 में अमृता सिंह से शादी की थी और 13 साल बाद वे अलग हो गए। इस दौरान दोनों दो बच्चे सारा और इब्राहिम के पैरेंट्स बने। सैफ अली खान और अमृता सिंह के तलाक के बाद भाई-बहन इब्राहिम अली खान और सारा अली खान का पालन-पोषण मुख्य रूप से उनकी मां ने किया है। हालांकि, ऐसा नहीं है कि सैफ से इन बच्चों की बॉन्डिंग खराब है बल्कि ये दोनों अपने पिता के उतने ही करीब हैं जितने अपनी मां से हैं। सैफ अली खान ने साल 2012 में दूसरी शादी की और इस बार उन्होंने 10 साल छोटी करीना कपूर खान से निकाह किया। राजीव मसंद के साथ हाल ही में हुई बातचीत के दौरान, इब्राहिम ने बताया कि कैसे उनके माता-पिता के ब्रेकअप ने उन्हें और सारा को प्रभावित किया। जब अमृता और सैफ के तलाक की वजह से उनपर होनेवाले असर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने विनम्रतापूर्वक जवाब दिया कि दोनों अपने बच्चों के सामने अपने रिश्ते के हालात को संभालने को लेकर बहुत सावधान थे।उन्होंने कहा, 'मैं चार या पांच साल का था, इसलिए मुझे ज्यादा याद नहीं है। सारा के लिए यह शायद अलग था क्योंकि वो बड़ी थी। लेकिन मेरी मॉम और डैड ने इसका पूरा ख्याल रखा कि मुझे टूटे हुए घर से होने वाला दर्द महसूस न हो। मैंने उन्हें कभी एक-दूसरे पर अपना आपा खोते नहीं देखा, कुछ चीजें बस नहीं होनी चाहिए थी।'वहीं इब्राहिम अपने पिता को पहले से कहीं ज़्यादा अब खुश देखते हैं। इब्राहिम अली खान ने कहा, 'अब मेरे पिता बेबो के साथ बहुत खुश हैं और मेरे दो बहुत ही सुंदर और शरारती भाई हैं। और मेरी मां अब तक की सबसे अच्छी मां हैं। वह मेरा बहुत ख्याल रखती हैं और मैं उनके साथ रहता हूं। सब कुछ बढ़िया है।'इब्राहिम ने सैफ अली खान पर हुए चाकू से हमले को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि जब ये हमला हुआ तो वे नाइट शिफ्ट की शूटिंग कर रहे थे। एक्टर ने कहा कि जब वे हमले के बाद पिता से मिलने हॉस्पिटल पहुंचे तो सैफ ने उनसे कहा, 'अगर तुम वहां होते, तो तुम उस आदमी को पीट देते।' इब्राहिम ने बातचीत में बताया कि ये सुनकर वो रो पड़े थे।बता दें कि हाल ही में 'नादानियां' से इब्राहिम ने बॉलीवुड में डेब्यू किया। ये फिल्म अब नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हो चुकी हैं। हालांकि, फिल्म'नादानियां' में उनकी एक्टिंग को नेगेटिव रिएक्शन मिला लेकिन वे अपने पिता सैफ़ अली खान और प्रियंका चोपड़ा की दो बेहतरीन सलाहों के साथ पॉजिटिव बने हुए हैं...दो लोगों से। मेरे पिताजी ने कहा कि यह साल 2000 नहीं है जब कोई स्टार बस किसी फ़िल्म में घूम सकता है और वह ब्लॉकबस्टर हो सकती है। आज आपको बहुत तैयार रहना चाहिए, और जल्दी सीखने के लिए खुद को तैयार रखना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात, उन्होंने कहा कि स्क्रिप्ट और फ़िल्म प्रड्यूसर दो ऐसी चीज़ें हैं जिनके साथ आप समझौता नहीं कर सकते।'

# जेम्स बॉन्ड फिल्मों के एक्टर जो डॉन बेकर का निधन 89 की उम्र में ली अंतिम सांस

नई दिल्ली। हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर



जो डॉन बेकर का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके परिवार ने बताया कि उन्होंने 7 मई को अंतिम सांस ली। हालांकि, उनकी मौत की वजह सार्वजनिक नहीं की गई थी। उनका अंतिम संस्कार मिशन हिल्स, कैलिफोर्निया में किया जाएगा। जो डॉन बेकर को 1973 की फिल्म वॉकिंग टॉल में शेरिफ बफोर्ड पुसर के रोल से बड़ी पहचान मिली थी। इसके अलावा वह तीन जेम्स बॉन्ड फिल्मों में भी नजर आए थे। जो डॉन बेकर का जन्म 12 फरवरी 1936 को ग्रोसबेक, टेक्सास में हुआ था। मां के निधन के बाद उन्हें उनकी आंटी ने पाला। स्कूल के दिनों में वह फुटबॉल और बास्केटबॉल के शानदार खिलाड़ी रहे। उन्होंने नॉर्थ टेक्सास स्टेट कॉलेज से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की। इसके बाद वह दो साल अमेरिकी सेना में भी रहे। सेना से लौटने के बाद बेकर न्यूयॉर्क चले गए। वहां उन्होंने मशहूर एक्टर्स स्टूडियो से एक्टिंग की ट्रेनिंग ली।

# राशिफल

मेष-:आज दिन का ज्यादातर समय पूजा-पाठ और धार्मिक कामों में बीतेगा। आपके स्वभाव में भी अच्छा बदलाव आएगा। परिवार का माहौल और अच्छा बनाने के लिए कुछ योजनाएं बनाएंगे और कामयाब भी होंगे। घर में खुशी और शांति बनी रहेगी।

वृष-: समाज या सामाजिक कामों में आज दिन का ज्यादा समय बीतेगा। किसी जरूरतमंद दोस्त की मदद करने से मन खुश रहेगा। अपने उसूलों और नियमों से किसी भी तरह का समझौता न करना आपको मजबूत बनाए रखेगा। यह आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा।

मिथुन-:अनुभवी लोगों की सलाह पर चलना आपके लिए फायदेमंद होगा। अच्छी और ज्ञान की बातें पढ़ने में भी समय बीतेगा। पुराने दोस्तों से मिलना पुरानी अच्छी यादों को ताजा करेगा। छात्र अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दे पाएंगे। यह समय आपके लिए अच्छा है।

अपना लक्ष्य पाने के लिए सही तरीके से काम करे, पक्का सफलता मिलेगी। पैसा लगाने के लिए भी अच्छा समय है। यह काम भविष्य में फायदेमंद रहेंगे। आज आपकी कोई योजना भी पूरी होगी। जिससे आप अपने अंदर नई ताकत और आत्मविश्वास महसूस करेंगे।

सिंह-: पैसे कमाने का कोई मौका मिलेगा और मन को शांत रखकर आप अच्छे से कोई भी फैसला ले पाएंगे। रिश्तों में भी फिर से मिठास आएगी। अगर किसी को पैसा उधार दिया हुआ है, आज उसके वापस मिलने का अच्छा मौका है। इसलिए कोशिश करते रहे।

कन्या-: आज किसी खास व्यक्ति की मदद से कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आज दिन को बहुत ही अच्छे तरीके से बिताए। आपके कई रुके हुए काम फिर से शुरू होंगे और सफलता भी मिलेगी। यह आपके लिए फायदेमंद होगा।

तुला-: ।आज दिनचर्या में कुछ अच्छा बदलाव महसूस करेंगे। आपके अंदर जोखिम लेने की भी आदत रहेगी, जो कि फायदेमंद साबित होगी। परिवार के किसी बड़े व्यक्ति द्वारा जरूरी सलाह मिलेगी। समाज में भी आपका खास मान-सम्मान बढ़ेगा।

वृश्चिक-: नए कामों की योजनाएं बनेंगी। और उनको पूरा करने के लिए अपने जान पहचान वालों का भी साथ मिलेगा। लेकिन सफलता पाने के लिए पक्का इरादा और बहुत ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। विदेश जाने के लिए कोशिश करने वाले लोगों को कोई अच्छी खबर मिलेगी।

धनु-:अपनी जान पहचान वालों या मीडिया से अपने और काम से जुड़ी और जानकारी ले। घर को सजाने के लिए नई चीजें खरीदने की योजनाएं बनेगी। परिवार के साथ घूमने जाने का भी सोचेंगे। यह समय आपके लिए शुभ रहेगा।

मकर-:आज आपको अपने किसी काम में मनचाही सफलता मिल जाएगी। परिवार के साथ भी खुशी के साथ समय बीतेगा। आप अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर कोई खास फैसला लेने में कामयाब रहेंगे। कहीं से कोई अच्छी खबर मिलने से मन खुश रहेगा।

कुंभ-: दोपहर बाद अचानक फायदेमंद हालात बनेंगे। परिवार के किसी बड़े व्यक्ति द्वारा जरूरी सलाह मिलेगी, जो कि फायदेमंद रहेगी। धार्मिक और आध्यात्मिक कामों में आपकी रुचि बढ़ने से आपकी सोच भी अच्छी और संतुलित होगी।

मीन-:आज ग्रहों की चाल आपके लिए बहुत अच्छे हालात बना रही है। आपकी अच्छी और संतुलित सोच द्वारा योजना बनाकर काम पूरे होते जाएंगे। युवा वर्ग अपने किसी लक्ष्य पर पूरा ध्यान देंगे और अच्छे नतीजे भी हासिल करेंगे।

# कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास, कहा- टेस्ट में सीखे सबक जीवनभर याद रहेंगे

नई दिल्ली। विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। कोहली ने सोमवार को इंस्टाग्राम लिखा- टेस्ट क्रिकेट ने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया, वो पाठ सिखाए जो जिंदगीभर मुझे याद रहेंगे। विराट कोहली ने 10 मई को बीसीसीआई से कहा था कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहता हूं। बीसीसीआई ने कोहली को अपने फैसले पर फिर विचार करने को कहा था। 11 मई को बोर्ड के एक अधिकारी ने उनसे बात भी की थी। दिसंबर/जनवरी में ऑस्ट्रेलिया में हुई बॉर्डर- गावस्कर सीरीज में विराट का प्रदर्शन बेहतर नहीं था। उन्होंने इस सीरीज में 23.75 की औसत से रन बनाए थे। वहीं 8 में से 7 बार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर आउट हुए। बीजीटी में कोहली ने 9 पारियों में 190 रन बनाए। इनमें एक शतक शामिल था। विराट कोहली ने 123 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने 30 शतक और 31 अर्धशतक बनाए।




विराट ने 7 दोहरे शतक लगाए। 2017 और 2018 में वे टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गए। विराट ने लिखा, 'टेस्ट क्रिकेट में पहली बार मैंने बैगी ब्लू जर्सी 14 साल पहले पहनी थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह फॉरमेट मुझे इस तरह के सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे पहचान दिया और मुझे ऐसे सबक सिखाए, जिन्हें मैं जीवन भर साथ रखूंगा। सफेद जर्सी में खेलना मेरे लिए बहुत ही खास और निजी अनुभव है। परिश्रम, लंबे दिन, छोटे-छोटे पल जिन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन यह हमेशा आपके साथ रहते हैं। जब मैं इस फॉरमेट से दूर जा रहा हूं, तो यह आसान नहीं है, लेकिन यह फिलहाल सही लगता है। मैंने इसमें अपना सबकुछ दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया है। मैं खेल के लिए, मैदान पर खेलने वाले लोगों के लिए और हर उस व्यक्ति के लिए आभारी हूं, जिसने मुझे इस सफर में आगे बढ़ाया। मैं हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा।' उन्होंने आगे अपनी जर्सी का नंबर '269' लिखा और लिखा 'साइनिंग ऑफ'। बीसीसीआई ने विराट कोहली को थैंक यू कहा। बोर्ड ने लिखा - टेस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त हो गया है, लेकिन विरासत जारी रहेगी। उन्होंने टीम इंडिया के लिए जो योगदान किया, उसे हमेशा याद किया जाएगा। बेस्ट फ्रेंड डिविलियर्स बोले- सच्चा लीजेंडः साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने विराट कोहली को संन्यास लेने पर सच्चा लीजेंड बताया। एबीडी ने कहा कि कोहली की स्किल्स ने हमेशा प्रेरणा दी है। उन्होंने प्यार से कोहली को बिस्कुटी कहा। इस इटैलियन शब्द का मतलब बिस्कुट होता है।विराट कोहली ने कभी कप्तान के तौर पर आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीता। टेस्ट क्रिकेट में बतौर लीडर वे धोनी और रोहित दोनों से आगे हैं। कोहली ने घर में सभी 11 सीरीज जीतीं धोनी और रोहित दोनों की कप्तानी में भारत को घर में टेस्ट सीरीज में हार झेलनी पड़ी। रोहित की कप्तानी में तो न्यूजीलैंड से क्लीन स्वीप भी शामिल है। कोहली ने 2015 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहली बार घरेलू मैदान पर कप्तानी की थी। भारत ने 4 टेस्ट की सीरीज 3-0 से जीती। इसके बद कोहली की कप्तानी में टीम ने घर सभी टेस्ट सीरीज जीतीं।

# भारत में प्लास्टिक से एक लाख मौतें, डी.ई.एच.पी केमिकल से कई गंभीर बीमारियों का रिस्क


नई दिल्ली। हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में प्लास्टिक का एक्सपोजर बहुत ज्यादा है। लंच बॉक्स और पानी की बोतल से लेकर शैम्पू के डिब्बे व किचन के कंटेनर तक, हम प्लास्टिक से बनी बहुत सी चीजों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्लास्टिक में मौजूद कुछ केमिकल हमारी सेहत के लिए खतरनाक हो सकते हैं। हाल ही में 'द लैंसेट ई-बायोमेडिसिन' जर्नल में पब्लिश एक स्टडी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इसके मुताबिक, प्लास्टिक को मुलायम बनाने के लिए डी-फैथलेट नामक एक खास केमिकल का इस्तेमाल होता है। इस केमिकल का कनेक्शन हार्ट डिजीज से होने वाली मौतों से जुड़ा है। डी.ई.एच.पी फूड कंटेनर, मेडिकल इक्विपमेंट्स, खिलौने और ब्यूटी प्रोडक्ट्स जैसी आम चीजों में पाया जाता है। स्टडी के मुताबिक, डी.ई.एच.पी के संपर्क में आने से साल 2018 में 55-64 साल के करीब 3.5 लाख लोगों की मौतें हुई थीं। ये सभी मौतें हार्ट डिजीज से जुड़ी थीं। इनमें से 1 लाख 3 हजार से ज्यादा मौतें अकेले भारत में दर्ज की गई, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। चीन और इंडोनेशिया जैसे बड़े प्लास्टिक उत्पादक देशों में भी इसके कारण हजारों मौतें हुईं। ये स्टडी न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स द्वारा दुनिया के 200 देशों में की गई है। स्टडी बताती है कि प्लास्टिक में मौजूद यह केमिकल हमारी सेहत के लिए गंभीर खतरा है और इस पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। एक तरह का केमिकल है, जिसका इस्तेमाल



प्लास्टिक को मुलायम बनाने के लिए किया जाता है। इसे प्लास्टिसाइजर भी कहा जाता है। यह पर्यावरण के लगभग सभी हिस्सों में मौजूद है। इंडस्ट्रियल इलाकों में इसकी मात्रा ज्यादा होती है। आम लोग और कारखानों में काम करने वाले दोनों ही इसके संपर्क में आ सकते हैं। पॉलीविनाइल क्लोराइड प्लास्टिक से बनी चीजों में इसका इस्तेमाल ज्यादा होता है। हालांकि हर प्रोडक्ट में इसकी मात्रा अलग-अलग हो सकती है। किस तरह के प्रोडक्ट्स में डी.ई.एच.पी का ज्यादा इस्तेमाल होता है।यह केमिकल भोजन, पानी, स्किन के संपर्क और हवा में सांस लेने के माध्यम से शरीर में जा सकता है। जैसे प्लास्टिक फूड कंटेनर में गर्म खाना पैक करने व उसे माइक्रोवेव में गर्म करने से डी.ई.एच.पी खाने के जरिए अंदर जा सकता है। साथ ही इसके छोटे कण हवा में मौजूद रहते हैं, जो सांस के जरिए शरीर में प्रवेश कर सकते हैं।वहीं लोशन और क्रीम जैसे कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से भी ये केमिकल शरीर में जा सकते हैं। इसके अलावा खून चढ़ाने और डायलिसिस जैसी मेडिकल प्रक्रियाओं के दौरान भी ये शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। ये केमिकल शरीर के हॉर्मोन का संतुलन बिगाड़ सकता है। इससे सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। लंबे समय तक इसके संपर्क में रहने से शरीर में इंफ्लेमेशन बढ़ सकता है, जो हार्ट डिजीज के खतरे का कारण बन सकता है। साथ ही ये केमिकल शरीर में चर्बी को ठीक से पचने नहीं देते। इससे मोटापा, डायबिटीज और अन्य गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। चिंताजनक बात ये है कि कम मात्रा में भी रोजाना संपर्क में रहने से ये शरीर में धीरे-धीरे जमा होते रहते हैं और लंबे समय में खतरा बढ़ाते हैं। इससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।भारत में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया एफएसएसएआई ने फूड कॉन्टैक्ट प्लास्टिक में डी.ई.एच.पी की माइग्रेशन लिमिट तय की है। एफएसएसएआई ने इसकी सीमा 1.5 मिलीग्राम/किलोग्राम तय की है। यह नियम 31 अगस्त 2022 से लागू है। इसका उद्देश्य खाने के संपर्क में आने वाले प्लास्टिक को सुरक्षित रखना है। हालांकि नॉन-फूड प्लास्टिक प्रोडक्ट्स और मेडिकल इक्विपमेंट्स में अभी भी इसका इस्तेमाल खूब होता है।हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल होने वाले कई प्रोडक्ट्स में डी.ई.एच.पी मौजूद होता है। इसलिए इससे बचना थोड़ा चैलेंजिंग है। हालांकि इसके खतरे से बचने के लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं। इसमें सबसे जरूरी कदम ये है कि जहां तक संभव हो, प्लास्टिक प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से बचें। इसके अलावा और कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। सभी तरह के प्लास्टिक एक जैसे खतरनाक नहीं होते। लेकिन कुछ दूसरों की तुलना में ज्यादा नुकसानदायक केमिकल छोड़ते हैं। प्लास्टिक प्रोडक्ट्स पर दिए गए रेजिन आइडेंटिफिकेशन कोड जैसे 1, 2, 4, 5, उनकी पॉलिमर संरचना के बारे में जानकारी देते हैं। ये आमतौर पर खाने-पीने के सामान के लिए सुरक्षित माने जाते हैं, लेकिन इनका भी सीमित इस्तेमाल करना बेहतर है। लेकिन सभी कोड सुरक्षित नहीं हैं। नंबर 3 (पॉलीविनाइल क्लोराइड), 6 (पॉलीस्टाइरीन) और 7 (अन्य प्लास्टिक, जिनमें बीपीए जैसे केमिकल हो सकते हैं) से बने प्लास्टिक से बचने की सलाह दी जाती है क्योंकि इनमें नुकसानदायक केमिकल्स हो सकते हैं।

## नीरज चोपड़ा ने कैसे पार किया 90 मीटर मार्कःवर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले से कोचिंग ली; ट्रेनिंग के लिए जल्दबाजी में शादी, रिसेप्शन भी टाला

नई दिल्ली। भारत के जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने आखिरकार 90 मीटर के पार भाला फेंका। नीरज ने यह कामयाबी शुक्रवार रात को दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर भाला फेंककर हासिल की। नीरज पिछले 8 साल से 90 मीटर भाला फेंकने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कहा- इस सीजन में और भी 90 मीटर थ्रो आने वाले हैं। आज से ठीक 9 महीने 7 दिन पहले 9 अगस्त 2024 को नीरज ने पेरिस ओलिंपिक में सिल्वर जीतने के बाद कहा था, 'आज मेरा दिन नहीं था। मुझे लग रहा था कि आज वो दिन है, जब 90 मीटर का थ्रो आएगा, लेकिन भगवान को कुछ और मंजूर था।' 9 महीने 7 दिन में नीरज ने 90 मीटर की बाधा कैसे पार कर ली।जेवलिन में अब तक के इतिहास में दुनिया भर 25 जेवलिन थ्रोअर ही 90 मीटर भाला फेंक सके हैं। एशिया में ऐसा करने वाले 3 प्लेयर ही हैं। इनमें नीरज के अलावा, पाकिस्तान के अरशद नदीम और चीनी ताइपे चाओ-त्सुन चेंग शामिल हैं। 2024 ओलिंपिक से पहले चेंग ही यह कारनामा कर सके थे। नीरज ने वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जान जेलेजनी से ट्रेनिंग लेने का फैसला लिया। उन्होंने नवंबर 2024 में चेक गणराज्य के जेलेजनी को अपना कोच बनाया। दोनों ने फरवरी महीने में कोचिंग शुरू की। जेलेजनी के नाम भाला फेंक का वर्ल्ड रिकॉर्ड है, उन्होंने 1996 में 98.48 मीटर भाला फेंका था। वे तीन ओलिंपिक में



गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। जर्मन बायोमैकेनिक्स विशेषज्ञ डॉ क्लॉस बार्टोनिट्ज की कोचिंग में नीरज ने 2020 में टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीता। उसके बाद पेरिस में सिल्वर मेडल भी हासिल किया। इस बीच नीरज डायमंड लीग, वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट में मेडल जीतते रहे, लेकिन 90 मीटर मार्क हासिल नहीं कर सके। नीरज ने एक इंटरव्यू में कहा था कि कोच जेलेजनी ने पेरिस ओलिंपिक के वीडियो देखकर उन्हें 2 कमियां बताई थीं। उन्होंने नीरज की तकनीक में कुछ बदलाव भी किए थे, जिनका जिक्र नीरज ने एक इंटरव्यू में किया था।वे पेरिस ओलिंपिक में बहुत नीचे भाला फेंक रहे थे, जिससे थ्रो दूर नहीं जा रहा था। वे भाला फेंकते समय अपनी बाईं ओर झुक रहे थे। जिससे ज्यादा बल नहीं लग पा रहा था। जेलेजनी से जुड़ने के बाद नीरज ने अपनी कमर की चोट के लिए जेलेजनी के बताए गए डॉक्टर से सलाह ली। नीरज ने एक इंटरव्यू में कहा था, 'मैं अपनी चोट के कारण अपनी तकनीक में 100 प्रतिशत नहीं दे पा रहा था। मैं प्राग में जेलेजनी के डॉक्टर के पास गया और उन्होंने कुछ एक्सरसाइज बताई।'नीरज काफी समय से कमर की चोट से परेशान थे। उन्होंने माना कि वे चोट की वजह से पेरिस ओलिंपिक में अपना बेस्ट प्रदर्शन नहीं कर पाए। सिल्वर जीतने के बाद नीरज ने कहा था- 'मुझे लगता है कि मैं फाइनल में अधिक दूरी तक थ्रो कर सकता था। भले ही मानसिक रूप से मैं तैयार था, लेकिन मेरा शरीर मेरी कमर की चोट के बढ़ने के डर की वजह से पीछे हट रहा था। मैं ट्रैक पर रनअप के साथ संघर्ष कर रहा था, जिसके कारण मेरे कई अटेम्ट फाउल रहे।' नीरज चोपड़ा को अपनी ट्रेनिंग की शुरुआत करने के लिए जल्दबाजी में शादी करनी पड़ी। इतना ही नहीं, रिसेप्शन को भी टालना पड़ा। नीरज ने अपनी सीक्रेट शादी के सवाल पर एक चैनल से कहा था- 'मुझे ट्रेनिंग करनी थी, इस वजह से जल्दी में शादी की।'नीरज ने कहा था- ऐसा नहीं कि मेरी शादी की खबर किसी को नहीं थी। काफी लोगों को जानकारी थी, जिसमें फैमिली और क्लोज फ्रेंड भी थे। हम सभी को अच्छे तरीके से इनवाइट करना चाहते थे। वह ऐसा टाइम था कि मुझे ट्रेनिंग शुरू करनी थी। मेरा कॉम्पिटिशन का सीजन शुरू होने वाला था। पहले था कि सीजन के बाद ट्रेनिंग स्टार्ट करूंगा, लेकिन फिर भी सबको बुलाने में काफी टाइम लग जाता।

### तपती गर्मी में नवजात को कंबल में लपेटना पड़ सकता है भारी

माता-पिता को यह डर रहता है कि नवजात शिशुओं को एसी या कूलर की हवा में रखने से उन्हें ठंड लग सकती है।लेकिन पैरेंट्स की इस आदत पर पर डॉक्टर ने कड़ी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि इससे बच्चे को परेशानी झेलनी पड़ सकती है। इसलिए पैरेंट्स ऐसा न करें। न्यू बॉर्न बेबीज भी हमारी-आपकी तरह इंसान ही हैं। उसका तापमान भी हमारे बराबर ही होता है, तो इसलिए उसे बहुत ज्यादा ढकने या फिर कंबल में रखने की जरूरत नहीं है। बस हल्के से कॉटन के कपड़े में रख सकते हैं।

## चेहरे पर अरंडी का तेल लगाना कितना फायदेमंद है? जानें इसके 5 फायदे और इस्तेमाल करने का तरीका

हम अपनी स्किन को हमेशा रिंकल फ्री, क्लीयर और ग्लोइंग बनाना चाहते



हैं, लेकिन जिस तरह आज इतने तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट आ गए हैं किसी का भी सिर्फ नेचुरल चीजों पर टिके रहना संभव नहीं है। लेकिन अगर आप चाहें तो कैस्टर ऑयल को अपने स्किन केयर में शामिल कर सकते हैं।वैसे तो चेहरे पर लगाने के लिए आपको बादाम, नारियल और न जाने कितने तरह के तेल मिल जाएंगे, लेकिन कैस्टर ऑयल को हम सबसे ज्यादा फायदेमंद कह सकते हैं। इसे हिंदी में अरंडी का तेल कहा जाता है, जिसका इस्तेमाल स्किन और हेयर हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए क्या जाता रहा है। आपको बता दें कि अरंडी का तेल सदियों से अपने औषधीय और सौंदर्य गुणों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। आज हम आपको इस लेख में कैस्टर ऑयल को चेहरे पर लगाने के 5 फायदों और इस्तेमाल करने का तरीका बताने वाले हैं। एंटी-एजिंग के साथ एक बार इसके फायदे जानने के बाद आप खुद ही इस तेल को अपने स्किन केयर में शामिल कर देंगे। आइए हम आपको इसके फायदों के बारे में बताएं।अरंडी का तेल एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है। इसका गाढ़ा टेक्सचर स्किन में आसानी से प्रवेश करता है और नमी को लॉक करने में मदद करता है। इसमें मौजूद रिसिनोलिक एसिड त्वचा की बाहरी परत को मजबूत करता है, जिससे स्किन कम सूखती है और लंबे समय तक हाइड्रेट रहती है।

## रोस्टन चेज वेस्टइंडीज के नए टेस्ट कप्तानःदो साल बाद टीम में वापसी ब्रैथवेट की जगह लेंगे; ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से करेंगे कप्तानी




नई दिल्ली। वेस्टइंडीज ने दो साल से टेस्ट टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर रोस्टन चेज को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। वह क्रैग ब्रैथवेट की जगह लेंगे। ब्रैथवेट ने इस साल के मार्च में टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। वेस्टइंडीज ने उनकी कप्तानी में खेले 39 मैच में से 10 टेस्ट जीते, 22 हारे और सात ड्रॉ रहे।चेज ने आखिरी बार मार्च 2023 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट खेला था। तब से वेस्टइंडीज ने 13 टेस्ट खेले, लेकिन उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। अब टीम में वापसी के साथ ही उन्हें कप्तान बनाया गया है। इससे पहले वे एक वनडे और एक टी-20 में कप्तानी कर चुके हैं। चेज की अगुआई में टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगी, जो 25 जून से ब्रिजटाउन में शुरू होगी। चेज ने अब तक 49 टेस्ट में 2265 रन बनाए हैं, जिसमें 5 शतक शामिल हैं। उनका औसत 26.33 है। गेंद से भी उन्होंने 85 विकेट लिए हैं। शुरुआत में उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। पहले 10 टेस्ट में उनका बैटिंग एवरेज 48.53 रहा, लेकिन इसके बाद उनका ग्राफ गिरा।वेस्टइंडीज टेस्ट टीम की कप्तान के लिए रोस्टन चेज के अलावा जॉन कैम्पबेल, टेविन इमलाच, जोशुआ दा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स और जोमेल वारिकन जैसे खिलाड़ी भी रेस में थे। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बताया कि कप्तान चुनने के लिए एक 'डेटा-आधारित, साइकोमेट्रिक टेस्ट वाला प्रोसेस' अपनाया गया था। सभी प्रक्रिया के बाद रोस्टन चेज को कप्तान चुनने का फैसला किया गया। सीडब्लूआई अध्यक्ष डॉ. किशोर शैलो ने इस चयन को वेस्टइंडीज क्रिकेट की सबसे सोच-समझकर की गई प्रक्रिया बताया। कोच डैरेन सैमी ने भी कहा कि, चेज को उनके साथियों का सम्मान मिला है और वो टीम को आगे ले जाने के लिए जरूरी लीडरशिप क्वालिटीज दिखा चुके हैं।

# रात में बार-बार पेशाब जाने की आदत से नींद होती है डिस्टर्ब, 5 चमत्कारी नुस्खे?

नई दिल्ली। रात में बार-बार वॉशरूम जाना यानी 'नोक्ट्यूरिया' सिर्फ एक छोटी सी परेशानी नहीं, बल्कि नींद की क्वालिटी, दिनभर की ऊर्जा और मानसिक फोकस को बुरी तरह प्रभावित करने वाला मसला है। पहला नुस्खा है - सूखा धनिया और मिश्री। इसे बराबर मात्रा में पीसकर एक चम्मच रात को सोने से पहले गुनगुने पानी के साथ लेना चाहिए। सूखा धनिया मूत्रनलिका को शांत करता है और अतिरिक्त पेशाब बनने की क्रिया को नियंत्रित करता है। वहीं मिश्री का शीतल प्रभाव शरीर को रिलैक्स करता है। ये उपाय पेशाब की बारंबारता को कम करने के साथ-साथ पेट के विकारों में भी राहत पहुंचाता है। सबसे अच्छी बात ये है कि ये नुस्खा पूरी तरह नेचुरल है और किसी भी उम्र के व्यक्ति के लिए सुरक्षित है।






दूसरा आसान और असरदार नुस्खा है - काले तिल और गुड़। तिल को हल्का भूनकर गुड़ के साथ रोजाना एक छोटा लड्डू बनाकर सोने से पहले खाएं। तिल में मौजूद मिनरल्स ब्लैडर की मांसपेशियों को मजबूत करते हैं, जबकि गुड़ शरीर को गर्मी और ऊर्जा देता है। यह उपाय खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो रात में ठंड लगने या यूरिन कंट्रोल में कमजोरी के कारण वॉशरूम जाते हैं। यह उपाय शरीर की संपूर्ण क्रिया को संतुलित करता है और नींद को बाधित नहीं होने देता। सौंफ का इस्तेमाल अक्सर पाचन के लिए किया जाता है, लेकिन यह मूत्र रोगों में भी बेहद लाभकारी है। एक चम्मच सौंफ को एक कप पानी में उबालकर छान लें और गुनगुना होने पर इसे रात में सोने से आधा घंटा पहले पिएं। यह काढ़ा ब्लैडर को आराम देता है, सूजन कम करता है और पेशाब की आवृत्ति को संतुलित करता है। इसके नियमित सेवन से यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन की संभावना भी कम होती है। इसका स्वाद हल्का मीठा और ठंडक देने वाला होता है, जिससे नींद भी अच्छी आती है।सिर्फ घरेलू नुस्खे ही नहीं, बल्कि कुछ सरल जीवनशैली के बदलाव भी इस समस्या से राहत दिला सकते हैं।

# 30प्रतिशत डायबिटीज खत्म कर देगी 1 देसी चीज, हजारों साल से खा रहे हैं लोग, हड्डियों में भरेगा कैल्शियम

नई दिल्ली। डायबिटीज एक खतरनाक बीमारी है, जिसका मेडिकल साइंस के पास कोई परमानेंट इलाज नहीं है। लेकिन इसे मैनेज जरूर किया जा सकता है। 1 देसी चीज से खाने के बाद बढ़ने वाली शुगर को 30 प्रतिशत कम कर सकती है। यह इंडियन सुपरफूड आंवला है। यह विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स का पावरहाउस होता है, जो पूरे साल मिलता है। डायबिटीज कम करने का फूडः यह पोस्ट मील शुगर लेवल कम करने के साथ फास्टिंग शुगर लेवल भी कम रखता है। यह लेवल कम से कम 8 घंटे तक कुछ ना खाने के बाद मापा जाता है। इसे अक्सर सुबह उठने के बाद चेक किया जाता है। आंवला इतना फायदेमंद है कि हजारों साल से इसका सेवन किया जा रहा है। आंवला खाने के 2 तरीके हैं आंवला को रोजाना भोजन में शामिल कर सकते हैं। सबसे पहले इसे आप कच्चा खा सकते हैं। आप इसे भोजन के साथ ले सकते हैं। दूसरा तरीका आंवला शॉट लेना है। सुबह खाली पेट आंवला का जूस पीकर दिन की बढ़िया शुरुआत कर सकते हैं।आंवला में खूब सारा विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। जहां विटामिन सी कोलाजन बूस्ट करके स्किन को ग्लोइंग बनाने में मदद करता है। वहां एंटीऑक्सीडेंट इम्यूनिटी बढ़ाकर फ्री रेडिकल से लड़ता है।यह सभी जानते हैं कि आंवला में फाइबर प्रचुर होता है। जो पाचन और गट हेल्थ को बेहतर बनाता है और साथ में कब्ज से बचाता है। लेकिन क्रोमियम बहुत कम फूड में मिलता है। यह मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के साथ ब्लड शुगर कंट्रोल रखता है।आंवला दो प्रमुख मिनरल देता है। एक कैल्शियम और दूसरा आयरन, जहां कैल्शिमय हड्डियों व दांतों की मजबूती के लिए जरूरी है, वहीं आयरन रेड ब्लड सेल्स बनाने में मदद करता है। जिससे एनीमिया का खतरा भी दूर होता है।



# तेंदुलकर-गावस्कर के बाद वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा स्टैंड,माता-पिता ने उद्घाटन किया, भारतीय कप्तान बोले- सपने में भी नहीं सोचा था


नई दिल्ली। भारतीय वनडे कप्तान रोहित शर्मा के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम के एक स्टैंड का नाम रखा गया है। यह लेवल-3 स्टैंड है, जो पहले दिवेचा पवेलियन के नाम से जाना जाता था। रोहित के पिता गुरुनाथ शर्मा और माता पूर्णिमा शर्मा ने शुक्रवार को इस स्टैंड का उद्घाटन किया। इस मौके पर भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित ने कहा- मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। मेरे लिए खेल के महान खिलाड़ियों के बीच अपना नाम होना खास एहसास है। रोहित के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और नेशनल कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार भी मौजूद थे।रोहित शर्मा ने कहा, यह जो हो रहा है, मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। बचपन में मैं मुंबई और भारत के लिए खेलना चाहता था। मेरे लिए खेल के महान खिलाड़ियों के बीच अपना नाम होना, इस फीलिंग को मैं बता नहीं सकता। यह इसलिए भी खास है क्योंकि मैं अभी भी खेल रहा हूं। मैंने दो फॉर्मेट से रिटायरमेंट ले लिया है, लेकिन मैं अभी भी एक फॉर्मेट खेल रहा हूं। रोहित ने आगे कहा- 'आईपीएल में दिल्ली के खिलाफ 21 तारीख को जब मैं यहां खेलूंगा तो यह एक खास एहसास होगा। जब भी ऐसा मैं भारत के लिए भविष्य में यहां खेलने उतरूंगा तो यह और भी खास हो जाएगा। मैं




इतने सारे लोगों, खासकर मेरे परिवार, मेरी मां और पिताजी, मेरे भाई, उनकी पत्नी और मेरी पत्नी, जो यहां मौजूद हैं, के सामने यह बड़ा सम्मान पाकर आभारी हूं। मैं अपनी खास टीम, मुंबई इंडियंस का भी शुक्रिया अदा करता हूं।'वानखेड़े स्टेडियम के दिवेचा पवेलियन लेवल-3 का नाम अब रोहित शर्मा स्टैंड रखा गया है। यह प्रस्ताव महाराष्ट्र के नेता मिलिंद नार्वेकर द्वारा पेश किया गया था, जिसे पिछले महीने वार्षिक बैठक में मंजूरी मिली थी।वहीं, ग्रैंड स्टैंड लेवल-3 को अब शरद पवार स्टैंड के नाम से जाना जाएगा, जबकि लेवल-4 का नाम बदलकर अजीत वाडेकर स्टैंड कर दिया जाएगा। वानखेड़े स्टेडियम के ऑफिस का नाम अब पूर्व अध्यक्ष अमोल काले की याद में रखा गया है। रोहित शर्मा अब सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर जैसे पूर्व महान खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिनका नाम पहले से ही मौजूद है। रोहित की कप्तानी में भारत ने 9 महीने में 2 आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम की थी। 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भी उपविजेता रही थी।रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी शेयर कर रिटायरमेंट की जानकारी दी थी।रोहित शर्मा और विराट कोहली ने 7 और 12 मई को टेस्ट से संन्यास ले लिया। उनके रिटायरमेंट से टीम में लीडरशिप की कमी हो गई। रोहित 4 साल से कप्तान थे, वहीं कोहली की कप्तानी में टीम ने 8 साल तक विदेश में 15 टेस्ट जीते।जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा ही टीम के सीनियर प्लेयर बचे। राहुल और बुमराह को कप्तानी का अनुभव है। वहीं युवा शुभमन गिल और ऋषभ पंत भी कप्तानी की रेस में बने हुए हैं।

## बटलर के जाने के बाद गिल को स्टैंड लेना होगा-रैना, कहा- प्लेऑफ में उनकी कमी खलेगी गावस्कर बोले, शुभमन में कप्तान बनने की क्षमता

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय खिलाड़ी सुरेश रैना का मानना है कि कप्तान शुभमन गिल




को अच्छे से खेलते हुए टीम के लिए स्टैंड लेना होगा। आईपीएल-2025 के टॉप-5 ऑरेंज कैप होल्डर में 3 बल्लेबाज गुजरात टाइटंस के हैं। टीम के टॉप बैटर्स तो फॉर्म में हैं, लेकिन मिडिल ऑर्डर का प्रदर्शन अब तक खास नहीं रहा है।जियोहॉटस्टार प्रेस रूम (रेस टू प्लेऑफ) में रैना ने सवाल जोस बटलर के प्लेऑफ के समय इंटरनेशनल ड्यूटी की वजह से वापस इंग्लैंड जाने पर कहा, टीम को उनकी कमी खलेगी। बटलर की जगह श्रीलंका के कमिंडू मेंडिस को चुना गया है। लेकिन उनका लेवल मैच करना अलग बात है।भारत के संभावित टेस्ट कप्तान शुभमन गिल पर सुनील गावस्कर ने कहा, गिल का कॉम्पिटिशन सबसे अलग है। उनके अंदर भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान बनने की क्षमता है। इंडियन प्रीमियर लीग भविष्य के भारतीय कप्तानों की ट्रेनिंग के लिए बिलकुल सही मैदान है जो शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों को अनुभव प्रदान कर रहा है। रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद गुजरात टाइटंस के कप्तान गिल इंग्लैंड दौरे पर भारत की कप्तानी कर सकते हैं और ऋषभ पंत उप कप्तान हो सकते हैं। रोहित के बाद विराट कोहली ने भी संन्यास ले लिया था, जिससे टीम को दोबारा बनाने की जिम्मेदारी हेड कोच गौतम गंभीर पर है। गावस्कर ने कहा कि गिल के अलावा अन्य संभावित कप्तान जैसे ऋषभ पंत तथा श्रेयस अय्यर को तैयार होने में कम से कम दो साल लगेंगे। पंत इस समय लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी कर रहे हैं जबकि अय्यर इस आईपीएल में पंजाब किंग्स की कप्तानी कर रहे हैं।

## इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया-ए का ऐलान,अभिमन्यु ईश्वरन कप्तानी करेंगे; करुण नायर की वापसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंग्लैंड



दौरे के लिए इंडिया-ए का ऐलान कर दिया है। डोमेस्टिक क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले अभिमन्यु ईश्वरन को कप्तान बनाया गया है, जबकि ध्रुव जुरेल उनके डिप्टी बनाए गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बताया कि शुभमन गिल और साई सुदर्शन दूसरे मैच से टीम के साथ जुड़ेंगे। टीम को इंग्लैंड में तीन मैच खेलने हैं। इनमें दो मैच इंग्लैंड लायंस के खिलाफ होंगे, जबकि तीसरा मैच भारतीय क्रिकेट टीम के साथ खेला जाएगा। इस टीम में करुण नायर, शार्दूल ठाकुर और ईशान किशन जैसे बड़े नाम हैं। तनुष कोटियान, आकाश दीप भी शामिल हैं। शार्दुल ठाकुर का सीनियर टीम का हिस्सा बनना तय माना जा रहा है।इस टीम में कई सीनियर टीम के प्लेयर्स को जगह दी गई है। इनमें ओपनर यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतीश कुमार रेड्?डी, शार्दूल ठाकुर जैसे नाम हैं।यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल (उपकप्तान, विकेटकीपर) नीतीश कुमार रेड्?डी, शार्दूल ठाकुर, ईशान किशन (विकेटकीपर), मानव सुथार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, ऋतुराज गायकवाड, सरफराज खान, तुषार देशपांडे और हर्ष दुबे।

## आईएसआई भारत में खालिस्तानी समर्थकों को उकसा रही,पंजाब-हरियाणा में आतंकी नेटवर्क दोबारा एक्टिव कर रही

नई दिल्ली। पाकिस्तान से भारत का तनाव भले ही कम हो गया हो, लेकिन भारत में अशांति फैलाने के एजेंडे पर पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई अभी भी काम कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, आईएसआई ने युद्धविराम की घोषणा के बाद खालिस्तान समर्थकों को उकसाना शुरू कर दिया है, जिससे कि भारत में कोई बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम दिया जा सके। आईएसआई कनाडा में खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू और दूसरे खालिस्तानी आतंकियों की मदद ले रहा है। इनके जरिए पंजाब, हरियाणा व अन्य राज्यों में खालिस्तानी आतंकियों के नेटवर्क को फिर से एक्टिव करने का काम शुरू कर दिया है। खालिस्तानी आतंकियों की साजिश भारत में पुलिस थानों, सेना व सरकारी




प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की है। साजिश को अंजाम देने के लिए बीते कुछ दिनों में एक नया पैटर्न देखने को मिला है। फरार खालिस्तानी आतंकी अब फिर से भारत आने लगे हैं, ताकि यहां किसी बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम दिया जा सके। खुफिया एजेंसियों ने इसको लेकर देश की सभी सुरक्षा जांच एजेंसियों को आगाह किया है। इसके बाद से एनआईए, पंजाब-दिल्ली-चंडीगढ़ पुलिस व अन्य राज्यों की पुलिस अलर्ट मोड पर हैं। कुछ राज्यों पर कार्रवाई भी की गई है।खुफिया एजेंसियों ने पाकिस्तान से ऑपरेट किए जा रहे खालिस्तान समर्थित सोशल मीडिया अकाउंट को इंटरसेप्ट किया है। ये सभी बॉट संचालित अकाउंट हैं और इनमें खुद को भारतीय दर्शाया गया है। ये सोशल मीडिया अकाउंट किसी न किसी सिख व्यक्ति की पहचान या नकली नाम से बनाए गए हैं। खालिस्तान समर्थकों को भड़काने वाले 100 वीडियो केंद्र ने ब्लॉक किए हैं। आतंकी पन्नू के 50 से अधिक बॉट सोशल मीडिया अकाउंट भी बंद हुए हैं।भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई शाम सीजफायर हुआ था। हालांकि, पाकिस्तान ने लगातार दो और सीजफायर का उल्लंघन किया था। 12 मई को दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच दोबारा चर्चा हुई थी। जिसमें बॉर्डर से सैनिक कम करने और एक-दूसरे के खिलाफ कार्रवाई रोकने पर सहमति बनाई गई थी।खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने दावा किया है कि पटियाला के कैंट इलाके में आर्मी स्कूल की दीवारों पर खालिस्तान और पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लिखे गए हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर-पाकिस्तान डमी फाइटर जेट के झांसे में फंसा था उसके एयर डिफेंस सिस्टम के ऑन होते ही भारत ने स्ट्राइक की थी

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायु सेना ने दुश्मन के एयर डिफेंस कवच को तोड़ने की ऐसी नायाब तरकीब अपनाई थी, जिसे इस संघर्ष की बड़ी उपलब्धि के तौर पर हमेशा याद रखा जाएगा।



भारतीय वायु सेना ने असली फाइटरों जेट की जगह डमी फाइटर जेट का इस्तेमाल किया था। इसके लिए अनमैंड एरियल व्हीकल्स का सहारा लिया गया था। डीआरडीओ के लक्ष्य और ब्रिटिश बंशी यूएवी को जेट जैसा दिखाने के लिए वजनी बनाया गया। इनमें इंफ्रारेड सिग्नेचर जोड़ा गया था ताकि पाकिस्तानी वायु सेना को लगे कि असली फाइटर आ रहे हैं। पाकिस्तान के मुरीद एयरबेस, सियालकोट, सरगोधा और रहीम यार खान के सामने इन डमी फाइटर जेट की उड़ान भेजी गई थीं। इससे पाकिस्तानी एयर डिफेंस सक्रिय हो गया। पाकिस्तान ने एचक्यू-9 मिसाइल बैटरियों और राडार नेटवर्क को एक्टिवेट कर दिया। भारतीय वायु सेना ने इस स्थिति का फायदा उठाया। हैरोप ड्रोन्स ने पाकिस्तानी मिसाइल बैटरियों और राडार साइट्स को नष्ट कर दिया। इसके चलते पाकिस्तानी वायु सेना बिना रक्षा कवच के रह गई थी। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के कई एयरबेस तबाह किए थे। प्राइवेट कंपनी मक्सर के सैटेलाइट ने इन तबाह एयरबेस की फोटोज जारी की थीं। मक्सर ने पाकिस्तान के जिनकी फोटोज जारी की, उनमें सरगोधा, नूर खान, भोलारी और सुक्कुर के एयरबेस थे। फोटोज में साफ देखा जा सकता है कि हमले के पहले और बाद में वहां क्या स्थिति थी।सेना ने 7 मई की सुबह बताया था कि पाकिस्तान और पीओके में 9 टारगेट पहचाने गए थे। इन्हें हमने तबाह कर दिया। लॉन्चपैड, ट्रेनिंग सेंटर्स टारगेट किए गए। इनके नाम हैं..पीओके में मुजफ्फराबाद स्थित लश्कर के सवाई नाला ट्रेनिंग सेंटर को सबसे पहले निशान बनाया गया। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम हमले के आतंकियों ने यहीं ट्रेनिंग ली थी।, मुजफ्फराबाद का सैयदना बिलाल कैंप। यहां हथियार, विस्फोटक और जंगल सर्वाइवल की ट्रेनिंग दी जाती थी।कोटली का लश्कर का गुरपुर कैंप। पूंछ में 2023 में श्रद्धालुओं पर हमला करने वाले आतंकी यहीं ट्रेंड हुए थे। भिम्बर का बरनाला कैंप।

## कोविड की नई लहर का एशिया में खतरा, बढ़े संक्रमण, हॉन्गकॉन्ग में कोरोना के 31 मामले, सिंगापुर में 28प्रतिशत बढ़े, चीन-थाईलैंड में भी अलट

नई दिल्ली। हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में फिर से कोरोना वायरस के मामले बढ़ने लगे हैं। हॉन्गकॉन्ग में 3 मई तक कोरोना संक्रमण के 31 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से कुछ लोगों की मौत भी हुई है। मरने वालों का आंकड़ा फिलहाल नहीं बताया गया है। हॉन्गकॉन्ग ने भी यह नहीं बताया कि पहला केस कब आया था। सिर्फ जानकारी दी है। इससे पहले सिंगापुर ने भी कोविड अलर्ट जारी करते हुए इस साल कोरोना के मामलों पर अपना पहला अपडेट जारी किया था। सिंगापुर में अप्रैल के आखिरी हफ्ते कोरोना के केसों की संख्या 11,110 थी, जो मई के पहले हफ्ते बढ़कर 14,200 हो गई है। यहां मामलों में 28इ का इजाफा हुआ है। वहीं, रोजाना आधार पर अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30प्रतिशत तक बढ़ गई है।स्वास्थ अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि महामारी एक बार फिर से विकराल रूप ले सकती है और इसका असर एशिया के बाकी हिस्सों में भी देखने को मिल सकता है। हॉन्गकॉन्ग में संक्रामक बीमारियों के स्वास्थ्य अधिकारी अल्बर्ट अउ के मुताबिक,, कोरोना वायरस के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सांस लेने की तकलीफ वाले मरीजों के कोविड पॉजिटिव पाए जाने का चांस इस साल के हाई पर पहुंच गया है।चीन और थाईलैंड में भी कोविड को लेकर सरकार अलर्ट पर हैं। चीन में बीमारियों की जांच करवाने जा रहे मरीजों में कोविड वायरस पाए जाने के मामले दोगुने हो गए हैं। लोगों को बूस्टर शॉट लेने की सलाह दी गई है। चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज हो सकती है। वहीं, थाइलैंड में दो अलग-अलग इलाकों मे तेजी से कोविड केस बढ़ने का मामले आए हैं।भारत में कोरोना का पहला मामला जनवरी 2020 में सामने आया था। मार्च 2020 में देशव्यापी लॉकडाउन लागू किया गया।भारत में कोरोना की पहली लहर जनवरी 2020 से फरवरी 2021 तक रही। इस दौरान लगभग 1.08 करोड़ कोरोना के मामले सामने आए।

## भेड़ चराते समय 20 फीट दूर गिरी मिसाइल,फलोदी के तीन गांवों में दो घंटे के भीतर हुए चार धमाकों का सच, चश्मदीदों की जुबानी

नई दिल्ली। मैं खेत में भेड़ों को चरा रहा था। इन्हें पानी पिलाकर आगे बढ़ ही रहा था, तभी महज 20 फीट की दूरी पर आसमान से मिसाइल आकर गिरी। बहुत तेज धमाका हुआ। मैं भागकर पेड़ के पीछे छिपा और आंख-कान बंद कर लिए। धमाका इतना तेजा था कि मैं अंदर तक कांप गया। धमाके से सहमी मेरी भेड़ें भी भागी और खेत में लगी जालियों में जाकर टकरा गई। कुछ देर बाद आंखों के आगे से अंधेरा छंटा तो परिवार व रिश्तेदारों को फोन कर सारी बात बताई।' प्रयागसिंह ने अपनी आंखों से पाकिस्तान से आई मिसाइलों को ध्वस्त होते देखा था, जिनसे फलोदी एयरबेस को निशाना बनाया गया था।10 मई की सुबह एक-एक कर 4 मिसाइलों के धमाके फलोदी के 3 गांवों में सुने गए थे। फलोदी के बिठड़ी में भारतीय वायु सेना का एयरबेस स्टेशन है। यह सेंसिटिव जगहों में से एक है। जिन जगहों पर धमाके हुए वो एयरबेस स्टेशन से लगभग 15 से 20 किलोमीटर की दूरी पर ही हैं। सुजानसिंह की ढाणी : पहले आसमान में धुआं दिखा, फिर तेज रोशनी चमकी प्रयाग सिंह ने बताया कि वे नियमित भेड़-बकरियों का रेवड़ (भेड़ों के झुंड) लेकर हमेशा की तरह सुबह निकलते हैं। 10 मई की घटना को याद करते हुए बताते हैं- घड़ी में सुबह करीब 10.40 बजे थे। इस वक्त तक वो घर लौट आते हैं। लेकिन भेड़ों को पानी पिलाने के लिए खेतों में



रुके हुए थे।अचानक आसमान में हलचल होते दिखी। सब धुआं-धुआं सा नजर आ रहा था। इसके 20 मिनट के बाद बहुत तेज बिजली चमकने जैसा महसूस और पलक झपकते ही जोरदार धमाका हुआ। एक मिसाइल मुझसे 20 फीट दूर आकर गिरी। जब मैंने धुआं निकलते देखा तो मुझे लगा कि कोई रॉकेट छूटा है या कोई जेट का अभ्यास चल रहा होगा। मुझे यह नहीं पता था कि वह मेरे पास ही आकर गिर जाएगी। प्रयाग सिंह बताते हैं- मैंने खबर तो पढ़ी थी कि हमला हो सकता है। इसलिए समझ गया कि गोले पड़ने लग गए हैं। पुलिस लगभग आधा घंटे बाद में आई। हालांकि तब तक आसपास रहने वाले लोग और मेरे साथ रेवड़ चराने वाले आ चुके थे।फलोदी में 10 मई को 4 धमाके सुबह करीब 10:30 से दोपहर 12 बजे बीच हुए थे। पहला धमाका सुजान सिंह की ढाणी में 10.40 बजे हुआ, दूसरा धमाका 11 बजे के करीब ढढू गांव में हुआ और उसके बाद दो धमाके 11.56 के आस-पास उग्रास गांव में हुए। यह इलाके बॉर्डर से करीब 120 से 150 किलोमीटर की दूरी पर हैं।फलोदी के गांव ढढू में सुजान सिंह की ढाणी के रहने वाले गोपाल सिंह ने बताया कि वे हमले वाली जगह से 500 मीटर की दूरी पर ही रहते हैं। 10 मई को 4 बड़े धमाके हुए। इनमें से एक उनके घर के पास हुआ। धमाके की आवाज सुन, हम लोग घरों से बाहर निकलकर आए। हमने देखा यहां पर तकरीबन 20 फीट लंबी मिसाइल गिरी थी। इससे पहले आसमान में दो फाइटर जेट दिखे थे। संभावना है, दोनों मिसाइलें उन्हीं जेट ने मार गिराई होगी।उग्रास गांव के रहने वाले भंवरलाल फौजी ने बताया कि शनिवार के दिन तकरीबन 11.56 बजे हम कहीं जाने के लिए घर से बाहर निकले थे। अचानक आसमान में फाइटर जेट की तेज आवाज के बीच धुआं निकलता दिखा। इसके बाद हमने ऊपर से मिसाइल को नीचे गिरते हुए देखा। सब लोग दहशत में आ गए थे कि अब किसके ऊपर गिरेगी। वो मिसाइल तेजी से पास के ही खेत में आकर गिरी। लगभग 15 से 20 फीट लंबाई की मिसाइल थी। उग्रास में शनिवार को थोड़ी-थोड़ी दूरी पर ही दो जगह धमाके हुए थे। जिस जगह मिसाइल गिरी, वहां से मात्र 60 मीटर की दूरी पर 8 से 10 घर हैं। यहां लगभग 100 लोगों की आबादी रहती है।धमाके वाली जगह से 200 मीटर दूर रहने वाले सदासुख ने बताया कि मैं घर में बैठा था। मिसाइल को आसमान से आते हुए देखा था। कुछ देर में ही धमाका हुआ। उस वक्त डर लगा था। मुझे लगा था कि एक दो मिसाइल और शायद आकर गिरेगी।उग्रास गांव के ही पप्पू राम ने बताया कि धमाके की आवाजें सुनने के बाद हम सब लोग दहशत में आ गए थे। उसके बाद हम लोग सुरक्षित रहने के लिए घरों में चल गए थे। पहले धमाके के करीब 10 से 15 मिनट बाद फिर से धमाका सुनाई दिया। इसके बाद मिसाइल आकर गिरी। उस वक्त एक दो दिन थोड़ा डर लगा था। लेकिन अब कोई डर वाली बात नहीं है।

## ट्रम्प के प्रवासियो को निकालने पर सुप्रीम कोर्ट की रोकःअमेरिकी राष्ट्रपति नाराज, कहा- जज अपराधियों को देश से निकालने नहीं देंगे

नई दिल्ली। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ट्रम्प के वेनेजुएला के अप्रवासियों को देश से निकालने के फैसले पर रोक लगा दी है। कई अप्रवासी अभी टेक्सास की एक हिरासत केंद्र में बंद हैं। ट्रम्प प्रशासन 1798 के 'एलियन एनिमीज एक्ट' के जरिए उन्हें जल्द से जल्द देश से बाहर भेजना चाहता था।ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि सरकार को लोगों को देश से निकालने से पहले उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पूरा मौका देना होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने जो तरीका अपनाया, जैसे कि 24 घंटे में बिना सुनवाई को अप्रवासी को देश से बाहर भेज देना, यह कहीं से सही नहीं है।एलियन एनिमीज एक्ट युद्ध के समय का बनाया हुआ कानून है जिसमें दुश्मनों को देश से निकालने के लिए कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं करनी होती है। हालांकि अमेरिकी संविधान के कुछ प्रावधान के जरिए इसे कोर्ट में चुनौती दी गई थी।अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ट्रम्प के वेनेजुएला के अप्रवासियों को देश से निकालने के फैसले पर रोक लगा दी है। कई अप्रवासी अभी टेक्सास की एक हिरासत केंद्र में बंद हैं। ट्रम्प प्रशासन 1798 के 'एलियन एनिमीज एक्ट' के जरिए उन्हें जल्द से जल्द देश से बाहर भेजना चाहता था। ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि सरकार को लोगों को देश से निकालने से पहले उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पूरा मौका देना होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने जो तरीका अपनाया, जैसे कि 24 घंटे में बिना सुनवाई को अप्रवासी को देश से बाहर भेज देना,



यह कहीं से सही नहीं है।एलियन एनिमीज एक्ट युद्ध के समय का बनाया हुआ कानून है जिसमें दुश्मनों को देश से निकालने के लिए कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं करनी होती है। हालांकि अमेरिकी संविधान के कुछ प्रावधान के जरिए इसे कोर्ट में चुनौती दी गई थी।इस फैसले का मतलब है कि प्रवासियों को यह जानने और अदालत में चुनौती देने का अधिकार है कि उन्हें क्यों निकाला जा रहा है। हालांकि यह फैसला अभी अस्थायी है और इस पर पूरी कानूनी लड़ाई अभी बाकी है। सुप्रीम कोर्ट ने मामला एक निचली अदालत (फिफ्थ सर्किट कोर्ट) को वापस भेज दिया है ताकि वहां इसे और अच्छे से सुना जा सके। यह वहीं अदालत ने जिसने अप्रैल में इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। अदालत के फैसले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नाराजगी जताई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- सुप्रीम कोर्ट हमें अपराधियों को देश से बाहर निकालने की इजाजत नहीं देगा।ट्रम्प दूसरी बार सत्ता में आने के बाद से ही देश में अवैध तौर पर रह रहे लोगों को निकालने में जुटे हैं। ट्रम्प प्रशासन ने एलियन एनिमीज एक्ट का इस्तेमाल करते हुए मार्च 2025 में वेनेजुएला के लगभग 137 अप्रवासियों को अल सल्वाडोर भेज दिया था। ट्रम्प का आरोप था कि ये अपराधी हैं और कुख्यात गिरोड 'ट्रेन डे अरागुआ' से जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन प्रवासियों में से कई के खिलाफ कोई आपराधिक आरोप नहीं थे और इन्हें बिना उचिता कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना हिरासत में ले लिया गया था। अल सल्वाडोर में इन अप्रवासियों को दुनिया की सबसे खतरनाक मानी जाने वाली सीकोट जेल में भेज दिया गया। यह जेल मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए बदनाम है। अल सल्वाडोर में जनवरी 2023 में एक जेल का निर्माण हुआ था। इसका नाम 'आंतकवादी बंदी केंद्र' है जिसे सीकोट के नाम से भी जाना जाता है। यह दुनिया की सबसे बड़ी जेलों में से एक है। इसमें 40 हजार से ज्यादा कैदी रखे जा सकते हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मार्च के अंत में ट्रम्प प्रशासन के एलियन एनिमीज एक्ट के इस्तेमाल करने पर अस्थायी रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा कि जब तक इस मामले को पूरी तरह से नहीं सुनते तब तक एक भी अप्रवासी इस एक्ट के जरिए बाहर न भेजा जाए। अब 16 मई को पूरी सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस अस्थायी रोक को और बढ़ा दिया है, और निचली अदालत पर मामले को छोड़ दिया है। इसका मतलब है कि ट्रम्प प्रशासन अभी भी किसी को बाहर नहीं भेज सकता।अदालत ने यह नहीं साफ किया है कि अल-सल्वाडोर भेज दिए गए 137 लोगों का अब क्या होगा? वहीं, निर्वासित व्यक्तियों के परिवारों का कहना है कि उन्हें अपने लोगों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। वे अपने परिवार को लेकर चिंतित हैं। इन लोगों की तरफ से केस लड़ रहे संगठन एसी एल यु के वकील ली गेलरेंट ने कहा कि अदालत का फैसला ट्रम्प सरकार के लिए एक फटकार जैसा है।

## इजराइल ने यमन के 2 बंदरगाहों पर हमला किया, इजराइली विदेश मंत्री बोले- हमला नहीं रोका तो हमास जैसा हाल करेंगे


इजराइल ने यमन के होदेइदाह और सालिफ पोर्ट पर शुक्रवार को हवाई हमले किए। इजराइली सेना ने कहा कि इनका इस्तेमाल हथियार लाने और ले जाने के लिए हो रहा था। यमन में हूती समर्थक टीवी चैनल अल मसीराह ने इन हमलों की पुष्टि की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इजराइली सेना ने इन दोनों बंदरगाहों पर 30 से ज्यादा बम गिराए। इसमें 1 व्यक्ति की मौत हुई है और 9 घायल हुए। हमले के बाद इजराइल ने कहा है हूती विद्रोही अगर हमले नहीं रोकते तो उनका हाल हमास और हिजबुल्लाह नेताओं जैसा होगा। इजराइल ने पिछले साल मोहम्मद देइफ, याह्या सिनवार और हसन नसरल्लाह की हत्या कर दी थी। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने कहा कि हमारे पायलट ने हूती आतंकियों के दो ठिकानों पर सफल हमला किया है। हम हूतियों को और नुकसान पहुंचाएंगे। नेतन्याहू ने यह भी कहा कि हूतियों के पीछे ईरान हैं। हूती सिर्फ एक मोहरा हैं। उनके पीछे जो ताकत है, जो उन्हें समर्थन देती है और निर्देश देती है, वो ईरान है। इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि अगर हूती विद्रोही इजराइल पर मिसाइल हमले जारी रखते हैं तो उन्हें और उनके नेताओं को गंभीर खामियाजा भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि इजराइली सेना ने



हमास के मोहम्मद देइफ, याह्या सिनवार और हसन नसरल्लाह का जैसा हाल किया था, ठीक वैसे ही यमन में अब्दुल मलिक अल-हूती का किया जाएगा। हूती विद्रोहियों ने अक्टूबर 2023 में गाजा पर इजराइल के हमले के बाद फिलिस्तीनियों के समर्थन किया था। वे इजराइल और रेड सी में इजराइल समर्थक देशों के जहाजों पर हमले कर रहे थे।अल जजीरा के मुताबिक मार्च में गाजा में सीजफायर टूटने के बाद हूती विद्रोहियों ने अब तक कम से कम 34 मिसाइलें और ड्रोन इजराइल पर दागे हैं। इससे पहले हूती विद्रोहियों ने 4 मई को इजराइल के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे बेन गुरियन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया था। मिसाइल ने एयरपोर्ट के परिसर में एक सड़क और एक वाहन को नुकसान पहुंचाया। इजराइली सेना ने माना है कि उनका डिफेंस सिस्टम इस मिसाइल को रोकने में नाकाम रहा। इसके अगले ही दिन इजराइली सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले बंदरगाह शहर हुदैदाह पर भीषण बमबारी की। सेना के मुताबिक हमले में 20 इजरायली वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने हिस्सा लिया। इसके लिए विमानों ने 2000 किमी की दूरी तय की। इजराइली लड़ाकू विमानों ने कम से कम 50 टारगेट पर बम गिराए। इजराइल ने तभी कह दिया था कि अब वह हर मिसाइल हमले का जवाब हवाई हमले से देगा। हालांकि शुक्रवार का यह हमला अमेरिका-हौथी समझौते के बाद का पहला इजराइली हमला है।

## अटारी के रास्ते भारत पहुंचे अफगानिस्तान के 5 ट्रक, युद्ध के बीच पाकिस्तान में फंसे थे, आज भी सामान आने की उम्मीद

भारत ने अफगानिस्तान के प्रति सद्भावना दर्शाते हुए अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते अफगानी के ट्रकों को भारत में प्रवेश



की अनुमति दी है। शुक्रवार को विशेष अनुमति के तहत 5 अफगानी ट्रक भारत में दाखिल हुए, जिनमें से 4 ट्रकों में ड्राई फ्रूट्स और एक ट्रक में मुलट्ठी लदी हुई थी। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब पाकिस्तान के साथ सीमा व्यापार और लोगों की आवाजाही पहलगाम आतंकी हमले के बाद से पूरी तरह बंद है। उस हमले में पाकिस्तानी आतंकियों की भूमिका सामने आने के बाद भारत ने पाकिस्तान के प्रति सख्त रुख अपनाया है। सूत्रों के अनुसार, भारत-पाक संबंधों के तनाव के चलते करीब 150 ट्रक पाकिस्तान में फंसे हुए थे। भारत ने अफगानिस्तान व्यापार के हितों को ध्यान में रखते हुए इन ट्रकों को राहत दी है। आज भी कई और ट्रकों के भारत आने की संभावना जताई जा रही है।23 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद से ही भारत ने पाकिस्तान के लिए कड़ा रुख अपना लिया था। जिसके बाद पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के ट्रकों को भी भारत जाने के लिए रास्ता देने से इनकार कर दिया था। लेकिन, अफगानिस्तान सरकार के कहने पर किस्तान ने आदेश जारी किया था कि 25 अप्रैल तक पाकिस्तान में दाखिल हो चुके ट्रकों को अटारी जाने की अनुमति दी जाती है। उस आदेश में पाकिस्तान ने भी साफ किया था कि इस बीच 150 अफगानी ट्रक पाकिस्तान में फंसे हुए हैं।अटारी, अमृतसर से मात्र 28 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और भारत का पहला मीनी पोर्ट है। यह पाकिस्तान के साथ व्यापार का एकमात्र वैध जमीनी रास्ता भी है। यह चेक पोस्ट 120 एकड़ में फैला हुआ है और सीधे नेशनल हाईवे-1 से जुड़ा है।

## अमेरिका से भारत पैसा भेजना अब महंगा पड़ेगाःट्रम्प प्रशासन 5प्रतिशत टैक्स लगाएगा, हर साल 13 हजार करोड़ रुपए ज्यादा चुकाने होंगे

नई दिल्ली। अमेरिका में रहने




वाले भारतीयों के लिए अपने घर पैसे भेजना अब और महंगा हो सकता है। ट्रम्प प्रशासन आउटवर्ड रेमिटेंस यानी अमेरिका से बाहर दूसरे देशों में पैसा भेजने पर 5प्रतिशत टैक्स लगाने की योजना बना रहा है। इससे हर साल भारत आने वाले पैसे पर अतिरिक्त 1.6 अरब डॉलर यानी करीब 13.3 हजार करोड़ रुपए टैक्स देना पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इसके लिए एक बिल लेकर आने वाले हैं। इसका असर 4 करोड़ से अधिक लोगों पर पड़ेगा। इनमें ग्रीन कार्ड होल्डर और एच1बी वीजा पर अमेरिका में रहने वाले भारतीय शामिल हैं।भारत में विदेशों से आने वाला पैसा पिछले एक दशक में दो गुना हो गया है। मार्च 2025 में आई आरबीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2010-11 में प्रवासी भारतीयों ने 55.6 अरब डॉलर भारत भेजे थे। 2023-24 में यह आंकड़ा बढ़कर 118.7 अरब डॉलर हो गया है। भारत को सबसे ज्यादा पैसा अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में रहने वाले प्रवासी भारतीयों ने भेजा है। भारत आने वाले कुल पैसे में इन देशों की हिस्सेदारी आधे से ज्यादा रही। खाड़ी देशों की तुलना में भी इन देशों की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। भारत में विदेशों से सबसे ज्यादा पैसा अमेरिका में रहने वाले प्रवासियों ने भेजा। 2020-21 में भारत आने वाले पैसे में अमेरिका की हिस्सेदारी 23.4प्रतिशत थी जो 2023-24 में बढ़कर 27.7प्रतिशत हो गई है। अमेरिका से प्रवासी भारतीयों ने करीब 32.9 अरब डॉलर भेजे हैं।भारत दुनिया में सबसे ज्यादा रेमिटेंस पाने वाला देश है। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक भारत 2008 लगातार इस लिस्ट में पहले पायदान पर बना हुआ है। ग्लोबल रेमिटेंस में भारत की हिस्सेदारी 2001 में 11प्रतिशत थी, जो 2024 में बढ़कर 14प्रतिशत हो गई है। 2024 में रेमिटेंस प्राप्त करने वाले टॉप 5 देशों में 129 अरब डॉलर के साथ भारत पहले स्थान पर है। इसके बाद मेक्सिको (68 अरब डॉलर), चीन (48 अरब डॉलर), फिलीपींस (40 अरब डॉलर) और पाकिस्तान (33 अरब डॉलर) का नंबर है। इन आंकड़ों को दिसंबर 2024 में वर्ल्ड बैंक ने जारी किया था।

## सलमान रुश्दी पर हमला करने वाले हादी मतार को 25 साल की सजा; रुश्दी पर चाकू से 15 वार किए थे

भारतीय मूल के लेखक सलमान रुश्दी पर चाकू से 15 वार किए थे। रुश्दी



रुश्दी पर चाकू से हमला करने वाले हादी मतार (27 साल) को 25 साल की सजा सुनाई गई है। उसे फरवरी में न्यूयॉर्क की एक अदालत ने हत्या की कोशिश और हमले का दोषी माना था। मतार ने अगस्त 2022 में न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम के दौरान के सिर, गर्दन, धड़ और बाईं हथेली पर गंभीर चोटें आई थीं। उनकी एक आंख की रोशनी चली गई थी। नस कट जाने से एक हाथ लकवाग्रस्त हो गया था। इसके अलावा उनके लीवर और आंतों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा था।

## जॉर्जिया मेलोनी के स्वागत में घुटनों पर बैठे अल्बानिया पीएम,हाथ जोड़कर नमस्ते भी किया, फिर गले मिले दोनों नेता

नई दिल्ली। इटली की प्रधानमंत्री के बावजूद भी बरकरार रहा।



जॉर्जिया मेलोनी अल्बानिया के दौरे पर हैं। यहां इश एडी रामा ने शुक्रवार को घुटनों के बल बैठकर स्वागत किया। रेड कार्पेट पर बैठे रामा ने मेलोनी को नमस्ते भी किया। उनका शानदार अंदाज मूसलाधार बारिश अल्बानिया के प्रधानमंत्री एडी रामा ने 2030 तक देश को यूरोपीय यूनियन में शामिल कराने का वादा किया है। इसके लिए उन्होंने शुक्रवार को राजधानी तिराना में यूरोप के नेताओं की मेजबानी की।

## पीएम शहबाज बोले- भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया,आर्मी चीफ ने फोन कर बताया, नूरखान एयरबेस को निशाना बनाया

लाहौर। पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल से हमला



पीएम शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा कि 9 और 10 मई की रात भारत ने पाकिस्तान पर किया था। उन्होंने कहा कि आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने उन्हें रात 2:30 बजे फोन कर बताया था कि भारत ने नूर खान बेस और बाकी जगहों पर बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं। शरीफ ने दावा किया कि पाकिस्तान की वायुसेना ने देसी तकनीक और आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर देश को बचाया। चीन से मिले जेट्स की आधुनिक टेक्नोलॉजी का भी इस्तेमाल किया गया। इससे पहले शरीफ ने भारत के साथ बातचीत की इच्छा भी जताई थी। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, भारत के साथ शांति के लिए बातचीत करने के लिए तैयार है, लेकिन इसमें कश्मीर मुद्दे को शामिल करना होगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोर श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.

1- मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25 एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008

(उ.प्र.) से प्रकाशित

सम्पादक-डा. दीपक अरोरा
मो 0 न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।